तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 21 अप्रैल 2024

11 बृजमोहन ने रोड शो कर जुटाया जन समर्थन

12 उमस के साथ झुलसाने वाली गर्मी शीतल पेय पदार्थों का कारोबार बढ़ा




## खबर संक्षेप

### दो संसदीय क्षेत्र के पुलिस आब्जर्वर बने विपिन आहिरे

**बलौदाबाजार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में आचार संहिता लागू होने के पश्चात निष्पक्ष निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के लोकसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसके अनुसार लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-03 जांजगीर-चांपा एवं क्रमांक-08 रायपुर के लिए आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक विपीन आहिरे को पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के लिए निर्वाचन से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए कोई भी व्यक्ति पुलिस आब्जर्वर से सीधे सम्पर्क कर सकता है। कोई भी चुनाव संबंधी सुझाव दे सकता है साथ ही किसी भी प्रकार के शिकायत कर सकता है।

### युवक ने जहर सेवन कर दी जान

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम सम्हर निवासी युवक ने जहर सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चेतन नायक पिता गोविंद नायक (22) ने अज्ञात कारण से जहर सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल बागबाहरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम हर्राटार के पास एनएच 53 रोड़ पर चौधरी ढाबा के सामने सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोहन कुजूर अपने मोटर सायकल सीजी 06 एचए 2053 में अपने घर हर्राटार से बसना की ओर जा रहा था तभी एनएच 53 रोड़ पर चौधरी ढाबा के सामने ओडिशा की ओर से आ रही वाहन क्रमांक ओडी 14 एइ 3615 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मार दी, जिससे गंभीर चोटे आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध 304 ए के तहत अपराध कायम किया है।

### मारपीट के दो मामले

**महासमुंद।** मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। ग्राम खरोरा के प्रार्थी हेमंत चन्द्राकर पिता मेहतरू (36) ने आरोपी छोटू चंद्राकर पिता माधव चंद्राकर के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी तरह बागबाहरा के शहंशाह मरकाम पिता घासीराम मरकाम (36) वार्ड नं. 15 रावणभाठा पारा बागबाहरा ने आरोपी रामा देवार तुमगांव द्वारा प्रार्थी और उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## अनुशासन, समय की पाबंदी व यूनिफार्म स्काउट-गाइड का है अभिन्न हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत स्काउट्स गाइड्स छ.ग. के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य संगठन आयुक्त सी.एल चन्द्राकर की उपस्थिति में जिला बलौदा बाजार स्काउटर-गाइडर तथा जिला संघ के पदाधिकारियों की बैठक गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदा बाजार में हुई। राज्य मुख्य आयुक्त ने स्काउट-गाइड द्वारा गुरूकुल के समक्ष प्रांरभ शीतल जल प्याऊ का अवलोकन किया। मुख्य आयुक्त का स्वागत गुरुकुल के स्काउट, गाइड ने तिलक लगाकर एवं आरती उतार कर किया। कलर पार्टी द्वारा गॉड ऑफ ऑनर देते हुए श्री यादव एवं अन्य अतिथियों को बैठक स्थल तक ले जाया गया। स्कार्फ एवं बुके द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सरस्वती पूजन एवं प्रार्थना से बैठक का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान सहायक लीडर जगदीश साहू द्वारा लिखित किताब एड्स जागरूकता दक्षता बैज का विमोचन अतिथियों ने किया। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, रामाधार पटेल, पियुष मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेश केशरवानी, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला संघ के सभी पदाधिकारी, स्काउटर-गाइडर, स्काउट-गाइड के छात्र - छात्राओं सहित गुरुकुल के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### स्कार्फ और बुके से अतिथियों का सम्मान



#### स्काउटिंग गतिविधियों की दी जानकारी

कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव द्वारा अनुशासन, समय की पाबंदी व यूनिफार्म को स्काउट - गाइड का अभिन्न हिस्सा बताते हुए शत प्रतिशत नियम का पालन करने कहा। राज्य पुरस्कार व अन्य शिविर हेतु भी आवश्यक निर्देश दिया गया। लीडर ट्रेनर खोडस राम कश्यप के द्वारा जिला में स्काउटिंग की गतिविधियों की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला शिक्षा आयुक्त हिमांशु भारतीय ने सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों में स्काउट-गाइड के गतिविधियों को बढ़ाने एवं समाज में श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लिए स्काउटिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### आबकारी अमला पहुंचा सलोनीकला-सबरिया डेरागांव और की कार्रवाई

## पुलिस रेड में उपकरण समेत 34 हजार की शराब जब्त, लहान किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश, उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में सरसीवां आबकारी टीम द्वारा कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई में अनुमानित एक लाख 34 हजार की सामग्री जब्त की गई, जिसमें अनुमानित 22 हजार की 110 लीटर का महुआ शराब और लगभग एक लाख 12 हजार 500 रुपए का 2250 किलो लाहन शामिल हैं। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी ग्राम सलोनीकला सबरिया डेरा गांव के बाहर एवं महानदी के किनारे भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है। गांव के बाहर एवं आसपास के क्षेत्रों में इसे विक्रय किया जाता है। सूचना की पुष्टि होने पर टीम के साथ बताए गए स्थान पर पुलिस पहुंची। स्थल पर 1 सफेद रंग के जरीकीन में भरी 20 लीटर तथा 3 सफेद रंग के पारदर्शी पालीथिन प्रत्येक में भरा 30-30 लीटर कुल जब्त मात्र 110 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा महुआ शराब बनाने के लिए महुआ लाहन जो की 45 नग जूट के बोरे के अंदर पालीथिन प्रत्येक में भरा 50-50 किलोग्राम कुल मात्र 2250 किलोग्राम को जब्त किया गया। कच्ची महुआ शराब को आबकारी टीम द्वारा जब्त किया गया और विधिवत रूप से महुआ लाहन का ▶▶ शेष पेज 11 पर

### बर्फ में सैकरीन का उपयोग फेकवाई गई आइसक्रीम



■ बर्फ फैक्ट्रियों की जांच में पहुंची खाद्य व औषधि विभाग की टीम

**मुड़पार-सरसीवां।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर खाद्य और औषधि प्रशासन की टीम ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम छिंद के विज बेकरी का निरीक्षण किया, जहां लेबलिंग नहीं पाया गया। किसी भी प्रोडक्ट में 15 दिन का समय दिया गया है। इसी प्रकार बरमकेला के सभी बर्फ और आइस फैक्ट्री में निरीक्षण किया गया, जिसमें विष्णु बर्फ फैक्ट्री में सैकरीन का उपयोग करते पाया गया, जिसके कारण बर्फ आइसक्रीम को फेकवाया गया। सराईपाली जिनि बर्फ फैक्ट्री एवं बुदेली के धीरज बर्फ फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। धीरज बर्फ फैक्ट्री का पंजीयन नहीं होने के कारण उनको एक हफ्ते में पंजीयन लेना निर्देशित किया गया। झनकपुर बर्फ फैक्ट्री मछली रखने के लिए उपयोग किया जाता है, अर्थात नॉन एडिबल जिसके लिए उनको इंडिगो ब्लू या कारमाइन कलर का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे एडिबल और नॉन एडिबल में पहचान हो सके। मनोरमा तेल मिल झनकपुर में निरीक्षण के दौरान लेबल नहीं पाया गया, उन्हें भी समय दिया गया है। प्लस आयुष बर्फ फैक्ट्री में सफाई की कमी पाई गई।

## युवक पर प्राणघातक हमला, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम बलोदा के मोटू ढाबा में मारपीट कर प्राणघातक चोंट पहुंचने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 307, 34 भादवि के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने बताया कि केदारनाथ साहू निवासी ग्राम हसुवा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 अप्रैल की रात वह मोटू ढाबा बलोदा में खाने का ऑर्डर दिया। इस दौरान सामान्य बात पर वहां मौजूद बलोदा निवासी 36 वर्षीय अजय कुमार पिता भगतलाल पटेल, 34 वर्षीय संजय कुमार पटेल पिता भगतलाल पटेल, 22 वर्षीय सूरज पिता संतोष कर्स और ग्राम कोरकोट्टी निवासी 24 वर्षीय प्रेमशंकर पिता गणेशराम पटेल ने उसके साथ विवाद करते हुए प्राणघात हमला करते हुए चोंट पहुंचाया। पुलिस ने उक्त धारा के तहत अपराध कायम कर चारों युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायाधीश के निर्देश पर उन्हें जेल भेजा गया है।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, दो मामले दर्ज

**महासमुंद।** शादी करने का प्रलोभन देकर दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बसना थाना अंतर्गत ग्राम पिलवापाली के सत्या ऊर्फ छोटू सागर ने प्रार्थिया के साथ शादी करने का प्रलोभन देकर कई बार अनाचार किय। जिसे लेकर प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट कराया है। दूसरे मामले में कोमाखान पुलिस ने कसेकेरा निवासी व आरोपी आकाश नेताम पिता जगमोहन नेताम (25) ने प्रार्थिया को शादी करने का प्रलोभन देते हुए अनाचार किया।

## सेमहरडीह में शिव महापुराण कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



अंचल के ग्राम सेमहरडीह रिसदा में सुख शान्ति व समृद्धि के लिए 22 अप्रैल से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचिका पूज्या ईश्वरी देवी होंगी। साथ ही पारायणकर्ता लक्ष्य शर्मा होंगे। शिवमहापुराण कथा 22 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ वेदी पूजन, शिव महापुराण महात्म्य कथा से प्रारंभ होगी। 23 को शिवलिंग पूजन, भस्म धारण रुद्राक्ष की महिमा 24 को नारद मोह, गुण निधि की कथा, कुबेरजी का पूर्व चरित्र 25 को दक्ष के तप, शिव वरदान, सती चरित्र, शिव सती विवाह। 26 को सती देह त्याग, 51 शक्तिपीठ की महिमा, रामकथा, गंगा उत्पत्ति 27 को पार्वती जन्म, पार्वती तप, कामदेव चरित्र, शिव पार्वती विवाह। अप्रैल को कार्तिकेय ▶▶ शेष पेज 11 पर

## प्रशिक्षण से राजस्व के कार्यों में आयेगी तेजी



**भटगांव।** राजस्व मामलों में कमी और राजस्व कार्यों में तेजी लाने के मद्देनजर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों में बुनियादी प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस करते हुए डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल के नेतृत्व में प्रशिक्षण ▶▶ शेष पेज 11 परॉ

## शिक्षकों ने न्योता भोज में बच्चों को परोसी खीर, पूरी और चॉकलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्रधानमंत्री पोषक तत्व के अंतर्गत शनिवार को शासकीय प्राथमिकता शाला लकड़िया में उषा कंवर सहायक शिक्षक एवं सत्रजीत राठिया सहायक शिक्षक एलबी द्वारा अपने जन्मदिन की खुशियां तथा इस पल को यादगार बनाने बच्चों को न्योता भोज कराया गया। भोजन में बच्चों को खीर, पूरी, चाकलेट खिलाकर अपने जन्मदिन को शाला परिवार में मनाया। इस मौके पर बच्चों को शिक्षा, ईमानदारी, धैर्य, साहस, सम्मान और संगठन की सीख दी। इसी के साथ कक्षा पहली के छात्र लिलाधर का जन्मदिन दिवस शाला परिवार की ओर से मनाया। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का लिया संकल्प

## नामांकन रैली में शामिल हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा के कांग्रेस उम्मीदवार शिव कुमार डहरिया के नामांकन रैली में शामिल हुए। कांग्रेसी प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मानस पांडे एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा के साथ भारी संख्या में जांजगीर-चांपा पहुंचे। नामांकन रैली में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एनएसयूआई के पदाधिकारी कार्यकर्ता भी शामिल हुए। शामिल होने वाले में प्रमुख रूप से जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष विमल अजय, कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा, ब्लॉक महिला कांग्रेस के अध्यक्ष ललीता यादव, महिला कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी साहू, डी एम फ के सदस्य ईश्वर यादव, पार्षद विकास यादव, सेवती कैवर्त, हरिराम कैवर्त, चंद्र प्रकाश साहू, शेर सिंह ध्रुव, कार्तिक यादव, श्रवण साहू, अमृत साहू, सुयश तिवारी, हिमेश दास, कुलेश्वर राव, पवार यश मंजरे, समीर कैवर्ट, विशाल साहू, बनारसी चौहान सहित सहित अनेक कार्यकर्ता है। इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मानस पांडे ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है, इस बार मोदी की गारंटी फेल होगी और राहुल गांधी की न्याय योजना पर जनता मुहर लगाएगी और जांजगीर-चांपा से डॉ. शिव डहरिया को भारी मत से विजय बनाकर संसद पहुंचाने का संकल्प सभी कार्यकर्ताओं ने लिया है।

### डॉ. शिवकुमार के प्रचार में उतरीं पत्नी शकुन डहरिया



**भवानीपुर।** जांजगीर-चांपा लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा हैं। वैसे-वैसे प्रत्याशी अपनी ताकत झोंक रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रचार के लिए शकुन शिवकुमार डहरिया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रभारी अनुसूचित जाति कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पति एवं कांग्रेस प्रत्याशी डॉ शिवकुमार डहरिया के पक्ष में प्रचार कर जिताने की अपील की। प्रथम दिन तेलासी में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क की। ग्राम तेरासी, जुनवानी, गिधपुरी, भरुवाडीह, बिजराडीह, हरिनभट्ठा, लटेरा, सुन्द्रावन सहित प्रमुख गांवों में जनसंपर्क कर कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिला के लिए एक लाख सालाना देने सहित घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पक्ष में बढ़-चढ़कर वोटिंग कर डॉ. शिवकुमार डहरिया को जीताने अपील की।

### एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**मुड़पार-सरसीवां।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर प्रतिबंध 19 अप्रैल से लागू हो गया है, जो 1 जून तक प्रतिबंध रहेगा। आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल को सुबह 07 बजे से 1 जून की शाम 6.30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# स्पेशल के बाद अब 'क्लोन ट्रेन' चलाने की तैयारी, रद्द नहीं होगा ई-टिकट, मिलेगी राहत

## एक नाम के चलेंगी दो ट्रेनें, वेटिंग लिस्ट के यात्रियों को मिलेगी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और लंबी होती प्रतीक्षा सूची को न्यूनतम स्तर पर लाने रेलवे क्लोन एक्सप्रेस ट्रेनों को नियमित तौर पर अपनी समय सारिणी में जगह देने की तैयारी कर रहा है। विभिन्न यात्री समितियों की सिफारिश के बाद रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सभी जोन ने अपनी भारी भीड़ वाली विशेष ट्रेनों के आंकड़े तैयार कर लिए हैं।

रायपुर में छपरा, पटना व दिल्ली व उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को क्लोन ट्रेन बनाकर चलाया जा सकता है। क्लोन ट्रेन चलाने का प्रस्ताव कई बार पूर्व में बोर्ड को भेजा जा चुका है। कुछ साल पहले ट्रायल के रूप में इन एक्सप्रेस की क्लोन ट्रेन का प्रयोग सफल भी रहा है। क्लोन ट्रेन संबंधित ट्रेन की जुड़वा होती है, जिनका गाड़ी नंबर और दूरी सबकुछ एक समान होते हैं। इसमें प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को सीट दी जाती है। वर्तमान में जोन ने 6 से अधिक राज्यों के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। यात्रियों की मांग पर अब क्लोन ट्रेन चलाई जाएगी।

### सर्वाधिक कमाई सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सारनाथ और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भारी कमाई वाली ट्रेन है। सर्वाधिक अतिरिक्त कोच इसी ट्रेन में लगते हैं। जानकारी के मुताबिक 2023 में लगभग 10 लाख से भी अधिक लोगों यात्रा की, जिससे रेलवे को लगभग 60 करोड़ कमाई हुई है। हालांकि लंबी प्रतीक्षा सूची और टिकट कंफर्म न होने पर स्वतः कैंसिल होने की संख्या भी सबसे ज्यादा है।



### ...तो चलाएंगे क्लोन ट्रेन

*क्लोन ट्रेन आवश्यकता पड़ने पर चलाई जा सकती है। वर्तमान में विभिन्न रूट के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है, जिससे यात्रियों को लाभ होगा। अधिक भीड़ होने की स्थिति में इस पर विचार किया जाएगा।*

***- विकास कश्यप***
*सीपीआरओ, दपूमरे*

### वेटिंग यात्रियों को अलॉट होंगी सीटें

ओरिजनल ट्रेन का चार्ट बनने के तत्काल बाद प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को क्लोन ट्रेन में उनकी सीट का नंबर आदि अलॉट कर संबंधित मोबाइल नंबर के जरिये भेजा जाता है। हालांकि इनकी बनावट में परिवर्तन रहेगा। स्लीपर व एसी प्रथम, द्वितीय कोच नहीं रखे जाएंगे। ये क्लोन ट्रेनें सामान्य तौर पर थ्री एसी कोच से बनेंगी। जिन रेलमंडलों के पास अतिरिक्त कोच हैं, सबसे पहले वहां की सर्वाधिक मांग वाली यात्री ट्रेन के क्लोन की व्यवस्था होगी। इससे ई-टिकटिंग वाले वे टिकट, जो कंफर्म नहीं होने पर स्वतः ही कैंसिल हो जाते हैं, इस समस्या से यात्रियों को राहत मिल जाएगी। यात्रियों को यात्रा के लिए सीट मिल जाएगी, रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ मुआवजा देने की मांग



**रायपुर।** राजधानी के एक होटल के गटर में उतरे दो होटल कर्मियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस मामले में दोषियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 304 के तहत गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही मृतक परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की भी मांग की गई है। इस संबंध में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि दो होटल कर्मियों की मृत्यु गटर में जहरीली गैस से होना बताया जा रहा है। उक्त घटना की कवरेज करने गए मीडिया कर्मियों के साथ भी होटल कर्मियों द्वारा बदसलूकी और दुर्व्यवहार किए जाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने उक्त पूरे मामले में पुलिस से गंभीरता से विवेचना कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### 'नाचे आम आदमी' का विमोचन

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 21 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की व्यंग्य कृति 'नाचे आम आदमी' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन भी होगा। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. मृणालिका ओझा, एम. राजीव एवं संजय जैन गिड़िया द्वारा किया जाएगा। इसी दौरान अतिथि अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को 'नवरंग समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।
यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कवि सम्मेलन में भूमिका जैन आगरा, शालू सांखला भीलवाड़ा, सलोनी जैन ब्यावर समेत स्थानीय रचनाकार भी अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा श्रीवास्तव एवं अनिल श्रीवास्तव जाहिद करेंगे।

### पुरी शंकराचार्य का राजधानी में तीन दिवसीय प्रवास



**रायपुर।** पुरी पीठाधीश्वर, जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज तीन दिवसीय प्रवास पर 21 अप्रैल को छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। अपने प्रवास के तहत वे पुरी-अहमदाबाद ट्रेन से 21 अप्रैल को सुबह लगभग पौने 10 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां भव्य स्वागत के बाद वे सड़क मार्ग से श्री सुदर्शन संस्थानम के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरविंद तिवारी ने देते हुए बताया कि छग प्रवास के पहले दिन 21 अप्रैल को दोपहर 12 बजे उनका दर्शन सुलभ होगा, वहीं शाम 6 बजे वे दर्शन, संगोष्ठी में शामिल होंगे।

### प्राची ने वित्त मंत्री चौधरी से की मुलाकात



**रायपुर।** गुढ़ियारी निवासी प्राची राठी का यूपीएससी में चयन हुआ है। प्राची ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री चौधरी ने यूपीएससी में चयन होने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## आईवीएफ सेंटर पर लापरवाही का आरोप, महिला ने सर्जरी के बाद तोड़ा दम

**रायपुर।** ऑपरेशन के घंटेभर पहले अस्पताल में सेल्फी लेने वाली महिला की सर्जरी के बाद मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने आईवीएफ सेंटर प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने इस मामले में थाने में शिकायत करने की बात कही है। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन थियेटर में रखने के तीन घंटे बाद महिला की तबीयत खराब होने का हवाला देकर उसे दूसरे अस्पताल रेफर किया गया, मगर वहां प्रारंभिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला राजननांदगांव से गर्भाशय संबंधित समस्या को लेकर ऑपरेशन कराने आई थी। राजनांदगांव लखौली निवासी नीलम पति मनोज साहू के मृत्यु के मामले में देवर रूपेंद्र साहू ने राजधानी के एक आईवीएफ सेंटर के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। रूपेंद्र ने बताया कि नीलम को गर्भपात की शिकायत थी, जिसके इलाज के लिए वह महीनेभर पहले आईवीएफ सेंटर आई थी। उस दौरान विभिन्न तरह की जांच के बाद चिकित्सकों ने समस्या के समाधान के लिए ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह अपने पति और देवर के साथ यहां पहुंची। फीस जमा करने के बाद उसे सुबह 10 बजे ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। आरोप है कि दोपहर 2 बजे चिकित्सकों ने नीलम की हालत बिगड़ने का हवाला देकर उसे दूसरे अस्पताल भेजने का तर्क दिया। उसे मोवा स्थित एक हास्पिटल भेजा गया, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



### कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

# ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे विकास शक्ति प्रदर्शन के बाद भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय शुक्रवार को शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना ट्रैक्टर पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचे। नामांकन रैली में कांग्रेस वरिष्ठ नेता व सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। नामांकन से पहले कांग्रेस भवन गांधी मैदान में एक बड़ी सभा का आयोजन कर मंच से वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस की 10 न्याय और 25 गारंटी के बारे में बताया।

सभा में प्रभारी सचिव चंदन यादव, वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, इंद्र साव, छाया वर्मा, अनिता शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रतिमा चंद्राकर, गिरीश दुबे, कुबेर यदु, पप्पू बंजारे, नारायणदास कुर्रे, अमितेश शुक्ला उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ के राज्यगीत के साथ सभा की शुरुआत हुई। सभा उपरांत कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ट्रैक्टर में बैठकर एक विशाल रैली निकाली। रैली कोतवाली, मालवीय रोड, जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक, घड़ी चौक होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। जहां विकास उपाध्याय ने अपना नामांकन दाखिल किया। हाथों में झंडे, बैनर, पोस्टर लेकर कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। जगह-जगह रैली का आतिशीबाजी के साथ स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा कर कार्यकर्ताओं ने श्री उपाध्याय का अभिनंदन किया। रैली में महिलाएं सिर पर साफा पहनकर सबसे आगे दुपहिया वाहनों पर सवार थीं और कांग्रेस पार्टी के नारे बुलंद कर रही थीं।



### जोगी कांग्रेस के नेता अब कांग्रेस में

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कांग्रेस की नीतियों को अवगत कराते हुए बताया कि हर वर्ग सत्ता में कांग्रेस को फिर से सत्तासीन देखना चाहता है। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा के नेतृत्व में धरसींवा ब्लॉक के राजा राज बंजारे, विवेक बंजारे, रोहित नायक, अमित साहू, नजीब अशरफ, वरुण पटेल, दिनेश यादव, सूर्यनारायण किसले, महेश यादव, सोनू गुप्ता, अफसार कुरैशी सहित 25 पदाधिकारियों ने कांग्रेस प्रवेश किया।

### ये रहे उपस्थित

इस रैली में राजेंद्र तिवारी, पंकज शर्मा, प्रवीण साहू, संजय पाठक, शिव ग्वालानी, राम गिडलानी, सुनील छतवानी, बसंत पटेल, पार्षद सुंदर जोगी, राधेश्याम विभार, बंशी कन्नौजे, प्रमोद तिवारी, पुरुषोत्तम बेहरा, मनीराम साहू ,राकेश गुप्ता, विमल गुप्ता, प्रमोद चौबे, जसबीर ढिल्लन, हैप्पी बाजवा, इस्माइल गफूर, हैदर अली, भोज कुमारी यदु, राकेश धोत्रे आदि उपस्थित थे।

## चुनाव ड्यूटी के दौरान शहीद जवान के परिजनों को 30 लाख रुपए अनुग्रह राशि

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी के दौरान सीआरपीएफ के शहीद आरक्षक देवेंद्र कुमार के परिजनों को छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 30 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्वाचन ड्यूटी के दौरान घायल सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी को 15 लाख रुपए अनुग्रह राशि की मंजूरी दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य के लिए नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु अथवा घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान के दौरान शहीद और घायल जवानों के लिए नियमानुसार अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।

### आईईडी की चपेट में आए थे जवान

उल्लेखनीय है कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान के दौरान बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र गलगम में आउटर कार्डन ड्यूटी में तैनात सीआरपीएफ के डी-196 कंपनी के आरक्षक देवेंद्र कुमार कैंपस के बाहर एरिया डोमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से गंभीर चोट लगने से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से रायपुर लाते समय उनका निधन हो गया। बीजापुर में सीआरपीएफ के 62वीं बटालियन की ई-कंपनी मतदान के मद्देनजर एरिया डोमिनेशन पर निकली थी। एरिया डोमिनेशन के दौरान थाना भैरमगढ़ क्षेत्रांतर्गत चिहका क्षेत्र में आईईडी ब्लास्ट हो गया।

# चौधरी बोले- विकास के लिए बस्तर में भाजपा के पक्ष में मतदान, बैज ने कहा- सभी सीटें जीतेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बस्तर लोकसभा की जनता-जनार्दन ने बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उनका कहना है, प्रदेश की सभी 11 की 11 सीटों पर भाजपा को जीत मिलेगी। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने भी प्रदेश में सभी सीटें जीतने का दावा किया है।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, आज अगर बस्तर में नक्सलवाद का दंश न होता तो बस्तर विकास की एक नई गाथा लिख चुका होता। बस्तर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा करना जरूरी मानकर बस्तर की जनता ने अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने की शुरुआत प्रथम चरण के मतदान के साथ बस्तर से कर दी है। श्री चौधरी ने कहा, बस्तर में भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बस्तर विकास के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। बस्तर की जनता अब नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्ति चाहती है।




### नक्सलवाद करेंगे खत्म

श्री चौधरी ने कहा, बस्तर के विकास की सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद को खत्म करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार संकल्पित है। सरकार बनने के बाद अभी तक विभिन्न मुठभेड़ों में लगभग 84 नक्सली मारे गए हैं। सरकार ने आदिवासी क्षेत्र में नियद नेल्लानार नाम की योजना चालू की है, जिसका अर्थ है मेरा अच्छा गांव। इसके तहत आदिवासी क्षेत्र में शहर के समान सारी सुविधाएं विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं, जिसे हम विकास के कैंप कहते हैं। इन कैंपों के माध्यम से उनके आसपास 5 किलोमीटर के क्षेत्र में राशन दुकान, स्वास्थ्य सुविधाएं, पानी, बिजली आदि सुविधाएं विकसित करना प्रारंभ हो गया है।

### बैज बोले- बस्तर ने बता दिया देश में बदलाव की लहर

पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस ने दावा किया कि बस्तर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज कराएगी। बस्तर की जनता ने साफ संकेत दिया है कि देश में बदलाव की हवा चल रही है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जबरदस्त जनाक्रोश है, जो बस्तर के मतदान केंद्रों पर साफ दिख रहा था। देश की जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जुमलेबाजी के खिलाफ मतदान किया है। आज प्रथम चरण के जिन 102 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें इंडिया गठबंधन 70 प्रतिशत सीटों पर जीतेगा। श्री बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में परिवर्तन करने जनमानस तैयार बैठा है। चार महीने पहले छत्तीसगढ़ में झूठे वादे करके सरकार बनी और चार महीने में ही लोगों को लग नहीं रहा है कि छत्तीसगढ़ में कोई सरकार भी है। इसीलिए पूरे देश में और प्रदेश में लोग बदलाव चाहते हैं।

# मॉकपोल के डाटा अनिवार्य रूप से हटाएं ईवीएम की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर सभाकक्ष में शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षकों और व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों तथा एआरओ की बैठक ली। इस बैठक में प्रेक्षकों ने चुनाव के दौरान मॉकपोल डाटा अनिवार्य रूप से हटाए जाने के साथ ईवीएम को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक रोहन चंद ठाकुर ने कहा, सबसे जरूरी बात है कि ईवीएम की देखरेख उचित ढंग से की जाए। यह अधिकृत अधिकारियों-कर्मचारियों के जिम्मेदारी में रहे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति इसे छू नहीं पाए। उन्होंने मॉकपोल का डाटा अनिवार्य रूप से हटाने के भी निर्देश दिए, ताकि री-पोलिंग की स्थिति निर्मित न हो। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने कहा कि एआरओ अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस बिपिन शंकरराव अहिरे ने कहा कि प्रारंभ से छोटे-छोटे विषयों पर ध्यान रखें। इससे आगे गलतियां नही होंगी। सुरक्षा संबंधित निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। व्यय प्रेक्षक रणविजय कुमार ने राजस्व एवं पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों के निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने और निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागी बनने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक अष्टानंद पाठक ने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी को सतर्क रहने, चेकपोस्ट पर अवैध शराब की धरपकड़, संपति विरूपण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, एडीएम देवेंद्र पटेल, कीर्तिमान सिंह, निधि साहू तथा समस्त एसडीएम सहित अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दी तैयारियों की जानकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बैठक में चुनाव को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ ने अपने विधानसभा क्षेत्र के एक-एक मतदान केंद्र का स्वयं निरीक्षण किया है। हमारे द्वारा प्रशिक्षण में कुछ नवाचार किया गया है, जिससे प्रशिक्षार्थी आसानी से प्रशिक्षण ले सकें। उन्होंने बताया कि इस बार उत्तर विधानसभा के सारे बूथ पिंक बूथ हैं। इनमें एआरओ से लेकर पीठासीन अधिकारी और कर्मचारी महिलाएं होंगी। एसएसपी श्री संतोष सिंह ने बताया कि निर्वाचन के दौरान सुरक्षा के सारे प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। आईटी नोडल उज्जवल पोरवाल ने बताया कि प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के वीडियो क्लिपिंग दिखाए जा रहे हैं और मतदान गीत भी तैयार किया गया है, जिसे कर्मचारियों के वाट्स एप ग्रुप में दे दिया गया है।

# रायपुर लोकसभा सीट के लिए 45 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट के लिए 45 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त भाजपा, कांग्रेस, बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन भरा है। नामांकन दाखिल करने वालों में कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक फार्म भी भरे हैं, जिसके कारण जमा फार्म की संख्या 66 तक पहुंच गई। इस तरह 21 फार्म अतिरिक्त भरे गए हैं। रायपुर लोकसभा क्रमांक-8 के लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होकर 19 अप्रैल तक चली। लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए 8 दिन तय किए गए थे, लेकिन त्योहार के अलावा शनिवार व रविवार को अवकाश के कारण प्रत्याशियों को नामांकन जमा करने के लिए बहुत कम दिन मिले। इसे देखते हुए प्रत्याशियों ने भी समय रहते नामांकन दाखिल कर दिए।

नामांकन फार्म भरने का शुक्रवार को अंतिम दिन था। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय अंतिम दिन जुलूस लेकर नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। जुलूस में हजारों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस विधायक धनेंद्र साहू, पदाधिकारी शैलेश नितिन त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जुलूस की शक्ल में विकास ने शक्ति प्रदर्शन दिखाते हुए खुद को चुनाव में जीत का प्रमुख दावेदार भी बताया।

# फैक्ट्री में आग, आधा दर्जन ट्रांसफार्मर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला इलाके में संचालित स्टील फैक्ट्री में शुक्रवार को शार्ट सर्किट से आग लगने की घटना सामने आई है। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री में लगे आधा दर्जन ट्रांसफार्मर आग की चपेट में आने से कबाड़ में तब्दील हो गए। आग पर फायर ब्रिगेड की टीम ने डेढ़ से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक एक ट्रांसफार्मर में चिंगारी उठी, जिसे फैक्ट्री प्रबंधन ने अपने स्तर पर बुझाने का प्रयास किया। आग के फैलने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम जब तक मौके पर पहुंची, आग फैल चुकी थी। जहां आग लगी थी, वहां पहुंचने की जगह नहीं होने की वजह से बाउंड्री की दीवार तोड़कर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अंदर दाखिल हुईं और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सुरक्षा के लिहाज से फैक्ट्री में विद्युत आपूर्ति रोक दी गई थी और वहां काम कर रहे कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया गया था।



### यहां भी ट्रांसफार्मर में आग

एक अन्य मामले में कालीबाड़ी स्थित राज्य एड्स कंट्रोल ऑफिस के सामने सगे ट्रांसफार्मर में दोपहर को आग लग गई। सीजीएसीओ ऑफिस में मौजूद सुरक्षा साधन के माध्यम से कर्मचारी और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सीजीएसीओ के आफिस में कई महंगे उपकरण रखे हुए हैं। समय पर आग पर काबू पाने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# राशन दुकानों में चावल चाहिए एक लाख 80 हजार क्विंटल पहुंचा सिर्फ 80 हजार क्विंटल

**रायपुर।** जिले में पिछले 10 दिनों से उचित मूल्य की कई दुकानों पर हितग्राहियों को चावल नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण दो माह का एक साथ चावल वितरण करने का आदेश है। इस आदेश के तहत नागरिक आपूर्ति निगम राशन दुकानों को चावल की सप्लाई नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों की परेशानी बढ़ी हुई है। जिले में कुल 697 राशन दुकानें हैं। हर माह इन राशन दुकानों में हितग्राहियों की संख्या के अनुसार 90 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई की जाती है। नए आदेश के बाद दुकानों को दो माह यानी एक लाख 80 हजार क्विंटल की सप्लाई की जानी है, लेकिन नागरिक आपूर्ति निगम अब तक करीब 80 हजार क्विंटल चावल की ही सप्लाई कर पाया है। इस तरह एक लाख क्विंटल चावल की सप्लाई बाकी है। हरिभूमि ने चार दिन पहले राशन दुकानों में चावल की सप्लाई प्रभावित होने से हितग्राहियों को हो रही परेशानी की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस दिन खबर प्रकाशित हुई, उस दिन तक जिलेभर में नागरिक आपूर्ति निगम राशन दुकानों को 50 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई कर पाया था। इस खबर के बाद चावल सप्लाई में हल्की तेजी आई, जिससे चार दिनों में 20-30 हजार क्विंटल चावल की सप्लाई की गई है। हालांकि अभी भी सिर्फ 80 हजार क्विंटल चावल की ही सप्लाई की गई है, जबकि 1 लाख हजार क्विंटल चावल की सप्लाई अभी और करना बाकी है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सागरपाली के पास स्कूल बस के ठोकर से काम करने जा रहे युवक की मौत हो गई। ग्राम कंचनपुर निवासी सीताराम पटेल ने पुलिस को बताया कि 18 अप्रैल की रात करीब 9 बजे उसका भतीजा राम प्रसाद पटेल अपने मोटर सायकल हीरो होंडा डिलक्स क्रमांक सीजी 06 के 5854 में कंचनपुर सांकरा से पिपलीपाली ईंट रचने अपने अन्य साथी रामनाथ पटेल, खेमलाल पटेल व डिग्रीलाल पटेल के साथ अलग-अलग बाइक से जाने के लिए निकला था। इसी दौरान रात करीब 9:40 बजे ग्राम सराईपाली-बरोली रोड के पास बरोली तरफ से आ रही पीले रंग की स्कूल बस क्रमांक सीजी 06 एच 0109 ने राम प्रसाद पटेल के बाइक को सामने से ठोकर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। उसे एंबुलेंस के माध्यम से इलाज हेतु शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक कर उचित इलाज हेतु रेफर कर करने पर राम प्रसाद को रायपुर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने साल्हेतराई बांध के पास दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी स्कूल बस चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम किया है।

### खरोरा में रामायण सम्मेलन के चौथे दिन मंडलियों ने दी अपनी प्रस्तुति

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन चल रहा है। चौथे दिन रामेश्वरम मानस मंडली बैहार आरंग, हरि कीर्तन मानस मंडली रायपुर, जय मां खल्लरी मानस मंडली परसाडीह, जय सरस्वती बालिका मानस मंडली गोडा पलारी, जय मां दुर्गा मानस मंडली मंदिर हसौद मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी। रामायण के टीकाकार ने लोगों को बताया तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस हिंदी साहित्य में अद्वितीय स्थान रखता है। इसमें भगवान राम के साथ-साथ हमारी भारतीय संस्कृति, जो सदैव से पूजनीय रही है, उसका वर्णन अत्यन्त सरल, रोचक और ओजस्वी शब्दों में किया गया है। तुलसीदासजी धन्य हैं, जिन्होंने जगत के निमित्त श्रीरामचरितमानस की रचना की है।

## रामनवमी पर राम-लखन, जानकी व हनुमान की झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र ...

**कसडोल।** विकासखंड के ग्राम बगार में रामनवमी पर ग्राम प्रमुख इन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शोभायात्रा निकाली गई। इसमे ग्राम के सभी महिलाएं सहित ग्राम के छोटे-छोटे बच्चे द्वारा राम लखन जानकी एवं हनुमान बने, जो आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा अटल चौक से शुभारंभ होकर माहामाया मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान मांदर की थाप पर लोग झूमते गाते हुये नजर आए। शोभायात्रा समापन पर सभी भक्तों को खीर-पूरी प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से नीलेश शर्मा, राजेन्द्र यदु, ओम शर्मा, अच्छेलाल, रमेश, सहेत्तर लाल, उमेद सिंह, केजराम, आत्माराम, ईसार सिंह, जयलाल (गुरुजी), दबंग तिलक, राजा, सुरज, तिरथ, जयलाल, राजकुमार राम प्रसाद, जगेश, सुखदेव, सोनू, दुकालु यदु धनेश्वर, कुमोद, कुंजिया बाई, गायत्री, कुंती, नीलम, रमिना, किरन, भारती, ज्योति किरण, देवकुमारी, निता, प्रमिला बबली मौजूद रहे।





### सियासत : मंत्री टंकराम ने गिनाई प्रधानमंत्री की उपलब्धियां

# बृजमोहन ने रोड शो कर जुटाया जन समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को बलौदाबाजार के विभन्न गांवों में रोड शो किया और जनता से भाजपा को विजय श्री दिलाने अपील की।

बृजमोहन अग्रवाल ने क्षेत्र में भाजपा सरकार के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की याद दिलाई और भाजपा का संकल्प पत्र और मोदी की गारंटी 2024 को दोहराया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को आगे बढ़ाने, उनको आत्म निर्भर बनाने, उन्हें आत्म सम्मान दिलाने के लिए वचनबद्ध है।

उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, महिला किसान की कोई चिंता करता है तो वो हैं हमारे प्रधानमंत्री मोदी, इसलिए एक बार फिर से मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाना है।

मोदीजी ने आने वाले पांच सालों तक गरीब परिवार के लिए 35 किलो निःशुल्क राशन की योजना जारी रखा है। साथ 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज आयुष्मान योजना के जरिए किया जा रहा है। 5 सालों में 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, उनकी विशेष जरूरतों के अनुसार उन्हें आवास मिल सके, इसके लिए विशेष रूप से कार्य योजना बनाई जायेगी।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसान सम्मान निधि, 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी दलहन और तिलहन फसलों का उचित मूल्य इतना ही नहीं मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखने और पैदावार बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती पर बल दिया जाएगा और नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा।बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा के लिए दल से बड़ा देश है। भाजपा संकल्प पत्र गारंटी देता है कि, मोदी जी के नेतृत्व में भारत मानव कल्याण के लिए निरंतर काम करता रहेगा।

जनसंपर्क अभियान के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने गैतरा स्थित महामाया मंदिर में पूजा अर्चना की और पूरे मंत्रोच्चार के साथ शिवजी का अभिषेक किया।

आज के अभियान की शुरुआत रवान ग्राम से हुई यहां से रोड शो करते हुए पौंसरी, करमदा, गैंतरा, भरसेला, लटुवा, मोहतरा, रसेड़ा, बेमेतरा, हलवाई खपरी होते हुए सकरी पहुंचे जहां अभियान का समापन हुआ।

आज जनसंपर्क अभियान में मंत्री टंकराम वर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, राजेश अवस्थी, सुरेंद्र टिकरिहा, विजय केशरवानी, टेसूलाल धुरंधर, कृष्णा अवस्थी, चित्तावर जायसवाल आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।



#### मंत्री टंकराम वर्मा ने बृजमोहन के लिए मांगे वोट

रोड शो के दौरान मंत्री टंकराम वर्मा भी बृजमोहन अग्रवाल के साथ रहे और उनके लिए वोट मांगे। जनता को संबोधित करते हुए टंकराम वर्मा ने कहा कि, बृजमोहन अग्रवाल एक नेता से बढ़कर हैं। वो पूरे छत्तीसगढ़ को एक परिवार की तरह मानते हैं। उनके यहां से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता चाहे वह किसी भी पार्टी या क्षेत्र का हो वह सभी के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं और काम करते हैं। उन्होंने बलौदा बाजार में सड़क निर्माण स्कूल कॉलेज का निर्माण आदि विकास के सैकड़ों काम किए हैं। महिलाओं ने उतारी बृजमोहन अग्रवाल की आरती महतारी वंदन का 1000 रुपए मिलने पर दिया धन्यवाद।

## कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक संदीप




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड अन्तर्गत ग्राम भरूवाडीह में साहू समाज द्वारा प्रथम बार मां कर्मा जयंती कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक व साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने माता कर्मा की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक संदीप साहू ने भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जयंती की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा सेवा, तपस्या, त्याग की मुरत थी। तेली समाज के अराध्य कर्मा देवी जगन्नाथपुरी में समुद्र किनारे रहकर अपने अराध्य भगवान बाल कृष्ण के साक्षात दर्शन किए तथा बाल कृष्ण को अपने गोद में लेकर हांथों से खिचड़ी का भोग लगाई, अराध्य मां कर्मा देवी के जीवन में आत्मबल, निर्भीकता, साहस, पुरुषार्थ, समानता की शिक्षा मिलती है। विधायक साहू ने सभी को समाज में एकजुटता के साथ रहने की बात कही और माता कर्मा के जीवनी के बारे में विस्तार से चर्चा की।


### ओमप्रकाश बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**तेंदूकोना।** प्रदेश युवा देवांगन समाज छत्तीसगढ़ का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन की अनुमति से प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोहर देवांगन की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें महासमुंद जिला देवांगन समाज से ओम प्रकाश देवांगन बागबाहरा को प्रदेश उपाध्यक्ष, भानु प्रताप देवांगन झलप को प्रदेश सहसचिव, वीरेंद्र कुमार देवांगन साल्हेभाठा को प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं अशोक कुमार देवांगन को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। प्रदेश स्तर पर पद मिलने पर सामाजिक बंधुओं और साथियों द्वारा बधाई दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चंद देवांगन, राज अध्यक्ष गण निहाल देवांगन महासमुंद, पीलू राम देवांगन कोमाखान, पुनीत देवांगन कोमाखान, रमेश देवांगन झलप, पुरुषोत्तम देवांगन लंजीमार सहित सामाजिक जनों ने बधाई दी है।



# रामनवमी पर जमकर बिकी शराब, कोचिए नहीं कर पाए पूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



- होटल, ढ़ाबों और पानठेलों में चाय की तरह धड़ल्ले से बिकती रही शराब, प्रशासन बना रहा मुकदर्शक

रामनवमी के दिन जिला प्रशासन ने शुष्क दिवस घोषित किया था, बावजुद इसके नगर पंचायत सिमगा में मदिरा प्रेमियों ने खुब जाम छलकाए। आलम यह रहा कि कोचियों के पास रखें अवैध शराब का स्टाक खत्म होने के बाद भी शराब की डिमांड होती रही, जो इन दिनों नगर चर्चा में है।

रामनवमी को नगर के दोनों अंग्रेजी एवं देशी शराब दुकानें बंद थी। बताया जाता है कि आबकारी विभाग द्वारा तीन दिन पहले शराब दुकान के सुपरवाइजर को इसकी सूचना दी गई। वहीं क्षेत्र के बड़े कोचियों को इसकी जानकारी लगते ही अंग्रेजी एवं देशी शराब दुकान से दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से शराब लाकर स्टाक जमा कर लिया गया। चूंकि चैत्र नवरात्रि के 9 दिनों तक अधिकतर लोग शराब नहीं पीते। रामनवमी को ड्राई डे होने के कारण मदिरा प्रेमी होटल, ढाबों और पान ठेलों में ऐसे टूटे मानों जैसे कोई भंडारा लगा हो। नाम न छापने की शर्त पर एक बड़े कोचिया ने बताया कि शराब की इतनी डिमांड बढ़ी कि वह इसकी पूर्ति नहीं कर पाए। अब सवाल यह उठता है कि नये आबकारी नियमों के तहत प्रति व्यक्ति एक बार में एक बोतल ही खरीद सकता है, तो कोचियों को भारी मात्रा में शराब कैसे उपलब्ध हुई।

यही नहीं शराब दुकान के अंदर क्षेत्र के कोचिये बैठे रहते हैं। वैसे तो दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन ऐसे समय में उसे बंद कर दिया जाता है। कोचिये शासकीय शराब दुकान के सुपरवाइजर एवं आबकारी विभाग के अधिकारी के सीधे संपर्क में रहते हैं, जिसके चलते अवैध शराब बिक्री का व्यापार खुले आम जारी है। नेशनल हाईवे स्थित एक ढ़ाबा संचालक ने बताया कि वह प्रति माह 5000 रुपए अवैध शराब बेचने के लिए आबकारी विभाग को देता है। ऐसा लगता है मानो आबकारी विभाग का नया नियम केवल आम जनता के लिए है।

यहां बताना जरूरी है कि सिमगा के होटल ढाबों में सुबह 4 बजे से अवैध शराब की बिक्री शुरू हो जाती है, क्योंकि सिमगा नेशनल हाईवे में होने के साथ ही लगभग 6 जिलों की सीमा पर है, जिसके कारण होटल ढ़ाबे हमेशा ही खुले रहते हैं। ग्राहकों को नशा से संबंधित सभी चीजें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं, इसमें मजेदार बात यह भी है कि उन स्थानों पर नेताओं का व प्रशासनिक अधिकारियों का आना जाना पूरे समय लगा रहता है, लेकिन देखकर भी उसे नजर अंदाज किया जा रहा है।

# किसान की मौत का मामला उलझा, फोरेंसिक जांच में सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखाना थाना के ग्राम परसुली में बीते 14 अप्रैल को महुआ बीनने गए एक किसान की मौत का मामला उलझते जा रहा है। पंचनामा करने गए पुलिस को प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या करने का मामला लगा। लेकिन, बागबाहरा के सरकारी चिकित्सकों द्वारा किए गए पीएम के आरंभिक रिपोर्ट में सामान्य मौत प्रमाणित होने के बाद उच्च स्तरीय जांच के लिए फोरेंसिक जांच का सहारा लिया गया। इसमें भी हत्या का मामला नजर नहीं आया। इसलिए, पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम परसुली निवासी 14 अप्रैल की अलसुबह 3 बजे डोकरी सिंह पाड़े पिता निराकार 55 साल अपनी सायकल को आधा किमी दूर गोठान के पास खड़ी कर पैदल ही महुआ बीनने के लिए पंडरीपानी खार केनाल के पास गया था। सुबह होने पर कुछ ग्रामीणों ने उसे खेत में मरा हुआ देखा गया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने नाक से खून बहने तथा गले में निशान होने के कारण प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या होना पाया गया। जिसके बाद हत्यारा तक पहुंचने के लिए डॉग स्क्वाड का भी सहारा लिया गया। पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए बागबाहरा सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां पर हत्या के प्रमाण नहीं मिले। जिसके बाद चिकित्सकों की सलाह पर फोरेंसिंक जांच के लिए मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा गया।

## पेज 9 के शेष

### पुलिस रेड में ...

नष्टीकरण किया गया है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34,1, क, च 34, 2 का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक, आबकारी आरक्षक धनेश्वर राव मगर एवं सुरक्षा गार्ड लोचन साहू तथा ड्राइवर रामदुलार पटेल का विशेष योगदान रहा स उल्लेखनीय है, कि तीन चार माह बाद सलोनीकला सबरिया डेरा में आबकारी की दुसरी छापामार कार्रवाई है।

### सेमहरडीह में शिव...

गणेश जन्म, त्रिपुरासुर वध, जालंधर, बाणासुर की कथा , कृष्ण कथा। 29 को भगवान शिव के विविध अवतारों की कथा, द्वादश ज्योतिलिंगों का वर्णन, चढ़ोत्तरी 108 महाआरती 30 को शिव सहस्त्रनाम, बेलपत्र वर्षा, हवन पूर्णाहुति, प्रसादी वितरण ग्राम शोभायात्रा के साथ संपन्न होगी। उक्त आयोजन महिला समिति व समस्त ग्रामवासी सेमहरडीह के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें विशेष वृन्दावन की झांकी व संगीत होगा। कथा दोपहर 3 से 7 बजे तक चलेगी, जिसमें श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में कथा का रसपान करने की अपील की गई है।

### प्रशिक्षण से राजस्व...

कराने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल के नेतृत्व में विगत दिनों राजस्व निरीक्षकों को सीमांकन, बटांकन आदि का कार्यालय और खेत में जाकर प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू द्वारा सभी बैठकों में राजस्व संबंधी कार्यों के लिए प्रक्रिया को अधिकारी कर्मचारी जानते हैं कि नहीं। इसके लिए प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा करने कहते हैं। कलेक्टर साहू की मंशा है कि जितना हमारा राजस्व अमला कार्य को जानेंगे-समझेंगे, राजस्व मामलों में उतनी ही कमी आयेगी।

### शिक्षकों ने न्योता ...

उनके माता पिता पलायन पर है। लिलाधर को गिफ्ट भी दिया गया। वहीं पांचवी अध्ययनरत बच्चों को शाला में विदाई दी गई। इस मौके पर संकुल प्राचार्य डीके साहू, संकुल समन्वयक एमआर वर्मा, संस्था के प्रधानपाठक पीके ढीढी, दयाराम ध्रुव सहायक शिक्षक ब्लाक अध्यक्ष पलारी, खगेश रात्रे प्रधानपाठक गबौद, पदमनी ध्रुव व्याख्याता खरतोरा, कुसुम ढीढी प्रधानपाठक भाठापारा बलौदी, रजनी साहू, ललिता भतपहरी, जेवंतीन देवांगन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुनीता बंजारे, धनसिंह पैकरा, हितेश कुमार लिलाधर आदि उपस्थित थे।

### एग्जिट पोल के ...

तरीके से उसका प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 1, ख के अधीन लोकसभा निर्वाचन–2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** सरिता पाल पिता/पति बीरबल पाल ,कृष्णा नगर सब्जी बाज़ार के सामने नारायण सायकल स्टोर रायपुर, विजय कुमार साहू पिता/पति राम कुमार साहू ,संजय नगर झंडा चौक रायपुर, घनश्याम साहू पिता/पति श्री केशव साहू , सेक्टर न 27 प्राथमिक शाला के पास काशीराम नगर रायपुर, मनमोहन साहू पिता/पति श्री कार्तिक राम साहू ,पिरदा रायपुर, राजेश्वरी नेताम पिता/पति स्वर्गीय श्री नवल राम नेताम ,काशीराम नगर क्वाटर न. 30 सेकंड फ्लोर प्राथमिक शाला के पास रायपुर, विश्वनाथ खजूर वाला पिता/पति गणेश अग्रवाल ,फुन्दरा पारा शुक्रवारी बाज़ार रायपुर, गजानंद साहू पिता/पति खोरबहरा साहू ,शासकीय स्कूल के पास गोंदवारा रायपुर, हेमंत गौर पिता/पति स्व. मुन्नालाल गौर ,अशोका मिलेनियम के पीछे न्यू दुर्गा नगर, न्यू राजेन्द्र नगर, गली न.-1, रिंग रोड न.-1 रायपुर, राकेश राजपूत पिता/पति देवी सिंह राजपूत ,हाऊसिंग बोर्ड बोरियाकला रायपुर, साधना साहू पिता/पति कुलेश्वर साहू ,सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, नीता सोनबोइर पिता/पति प्रवीन सोनबोइर, एलआईजी 46/552 कबीर नगर रायपुर, सोना नागले पिता/पति धनेरा नागले, रूम न. -8, आरडीए कॉलोनी टिकरापारा रायपुर, लता साहू पिता/पति श्री देवेन्द्र कुमार साहू ,कांपा नाहर परा पंचवटी नगर मोवा रायपुर, जे.पी. चंद्रसेन पिता/पति स्व. जी.आर. चंद्रसेन, गाँधी ग्राम मंदिर हसौद रायपुर, महेन्द्र यादव पिता/पति प्यारेलाल यादव ,ईश्वर नगर रायपुर, राम सेवक वर्मा पिता/पति तोपू राम वर्मा, कुशल गृह निर्माण सोसाइटी रायपुर, लिलेश्वर कोसे पिता/पति नारायण कोसे, मठपारा गणेश चौक रायपुर, डॉ.धनसिंह कुमार गायकवाड पिता/पति दुखवा राम, जरवाय हीरापुर वार्ड.न.1 रायपुर, पुरुषोत्तम मरकाम पिता/पति गोवर्धन मरकाम, उरकुरा रायपुर, नोमेश कुमार साहू पिता/पति दाउलाल साहू, काशीराम नगर रायपुर, सत्यनारायण अवधिया पिता/पति ध्रुव नारायण अवधिया, अवधिया पारा पुरानी बस्ती रायपुर, मनोज कुमार राजपूत पिता/पति सिंह राजपूत, बड़ा असोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, हरिशंकर चंद्राकर पिता/पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर, म.न.-548 वार्ड.क्र.42 सुन्दर नगर रायपुर, कमल नारायण पिता/पति हीरालाल, गुरुनानक चौक रायपुर, लक्ष्मण सेन पिता/पति राजकुमार सेन, मठपारा बिरगांव वार्ड.न.23 रायपुर, कु.चाय साहू पिता/पति ख्याल साहू, चौरसिया कॉलोनी मठपुरेना रायपुर, मोहन लाल श्रीवास्तव पिता/पति सुरेश कुमार श्रीवास्तव, सड़क न. 16 जोन -1 सेक. 11 खुर्सीपार जिला दुर्ग, देवकी साहू पिता/पति दिलीप साहू, काजल पान सेंटर इंदिरा नगर गदा चौक जिला दुर्ग, कमलेश कुमार ताम्रकार पिता/पति भारत भुषण ताम्रकार, 90 /1 नेहरू पूर्व भिलाई नगर जिला दुर्ग, मेधेश कुमार कौमार्य पिता/पति रामसेवक कौमार्य, जगदीश विहार घनोरा जिला दुर्ग, किरण भारती पिता/पति रमाशंकर भारती, पिली मिटटी चौक कृष्णा नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग, नरेन्द्र कुमार शुक्ला पिता/पति रामखिलावन शुक्ला, ब्लाक के - 1 नेहरू नगर जिला दुर्ग, मोहम्मद शाकिर अली पिता/पति सफात अली, म. न. 81 ईदगाह मोहल्ला फरीद नगर भिलाई जिला दुर्ग, सुब्रमण्यम पिता/पति धन्नाकुट्टी, सड़क.न. 28 जोन 2 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग, सतीश कुमार कश्यप पिता/पति मनोज कुमार कश्यप, विश्व बैंक कॉलोनी भिलाई जिला दुर्ग, श्यामराव राखुंडे पिता/पति एल टी वामनराव राखुंडे, इ डब्लू एस - 595 वैशाली नगर भिलाई जिला दुर्ग, बाबुराव चवरे पिता/पति गोपालराव चवरे, शिवाजी चौक कैंप 2 शर्मा कॉलोनी भिलाई जिला दुर्ग, जीतेन्द्र साव पिता/पति स्व.सिध्धेस्वर साव, श्रीराम मार्किट कॉन्ट्रैक्ट कॉलोनी जिला दुर्ग, भुषण लाल देवांगन पिता/पति स्व.बैजनाथ देवांगन, आर्य नगर कोहका भिलाई जिला दुर्ग, उषा देवी विश्वकर्मा पिता/पति प्रह्लाद विश्वकर्मा, शहीद वीरनारायण सिंह नगर वार्ड.28 भिलाई जिला दुर्ग, सुभाष चन्द्र सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह ,सिंह आटा चक्की वाला जोनगर खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग, गिरिजा शंकर साहू पिता/पति पुनाराम साहू, बासिन कारंजा भिलाई जिला दुर्ग, द्वारका देवांगन पिता/पति स्व. भगवती देवांगन ,डोंगरगाँव जिला राजनादगांव, सेवक राम साहू पिता/पति उदेराम साहू ,पचेड़ा जिला महासमुंद, रामावतार विश्वकर्मा पिता/पति जगन्नाथ विश्वकर्मा ,कुंडा कबीरधाम जिला कवर्धा, रिखी राम साहू पिता/पति लीला राम साहू ,कमरौद मगरलोड जिला धमतरी, नरेन्द्र कुमार साहु पिता/पति विष्णु राम साहू ,अटंग, अछोटी जिला धमतरी, दीवाकर दीवान पिता/पति दिनेश कुमार दीवान ,रामसागर पारा शिव चौक जिला धमतरी, सुरेश कुमार यादव पिता/पति स्व. श्री पुनीतराम यादव ,सिवरी सिर्री कुरूद जिला धमतरी, मो.तबीशा पिता/पति मो.शाहिद ,बख्तार चाल तुलसी जिला राजनादगांव, खुमान राम साहू पिता/पति खिलावन राम साहू ,परसट्टी बेलर जिला गरियाबंद, मयंक कुमार साहू पिता/पति अमर राम साहू ,किरवई राजिम जिला गरियाबंद, नरेश कुमार डडसेना पिता/पति पुनीत राम डडसेना ,वर्धमान नगर जिला महासमुंद, विजय कुमार पाण्डेय पिता/पति स्व. देहरा लाल पाण्डेय ,बिरना पारा बागबाहरा जिला महासमुंद, कृतिका देवी पिता/पति राम सहाय साहू ,सोनई नेगरी जिला बालोद, कमलनारायण निषाद पिता/पति सोनू राम निषाद, मेघा मगरलोड जिला धमतरी, कामता प्रसाद सिन्हा पिता/पति हंस कुमार सिन्हा ,बेलर दोना मगरलोड जिला धमतरी, द्वारका प्रसाद देवांगन पिता/पति स्व.राम किशन देवांगन ,एम.जी.वार्ड (भट्ठीपारा )जिला कांकेर, सुबोध सिंह ठाकुर पिता/पति जे.एस.ठाकुर ,वार्ड न.-16 बजरंग चौक तुलसी पुर राजनादगांव जिला राजनादगांव, बसंत साहू पिता/पति स्व. अमीरलाल ,गरियाबंद जिला गरियाबंद, लोचन राम जंघेल पिता/पति होरी लाल जंघेल ,अतरिया रोड छुइखदान जिला राजनादगांव, तेजेंद्र कँवर पिता/पति पुनेस्वर कँवर ,सोनपैरी मगरलोड जिला धमतरी, जसराज बाफना पिता/पति स्व.चमत्कारी बाफना ,नंदई चौक, मोहारा रोड जिला राजनादगांव, हेमंत कुमार निषाद पिता/पति तुलाराम निषाद ,खुटेरी जिला गरियाबंद, सुरेश तारक पिता/पति पूनम राम ,कोलीयारी, भखारा जिला धमतरी, सी.एस.भरद्वाज पिता/पति स्व.मारकंड सिंह भरद्वाज ,डोकरी घाट पारा विजय वार्ड न.-2 जिला जगदलपुर, चन्द्रकुमार पिता/पति तुलेश्वर ,मोखली करमतरा जिला राजनादगांव। प्रकाश कुमार यादव पिता/पति जगदीश यादव ,खम्हरिया अर्जुनी जिला बलौदाबाज़ार, हेमलाल साहू पिता/पति स्व.नाथू राम साहू ,भूपेश किरण सिवनी खुर्द जिला धमतरी, पवन कुमार ध्रुव पिता/पति भुवन लाल ध्रुव ,कनेसर जिला गरियाबंद, एस राम साहू पिता/पति थुकेल राम साहू ,गुदगुदा जिला धमतरी, चन्द्र शेखर यादव पिता/पति बहुर राम यादव ,मौरी कला जिला धमतरी, त्रिलोक पिता/पति मणि राम निर्मलकर ,रांवड राजीम जिला गरियाबंद, डॉ. देवराज चंद्राकर पिता/पति स्व.श्री हरिराम चंद्राकर ,ग्राम - पो. दहदहा कुरूद जिला धमतरी, महेश्वर तामस्कर पिता/पति शिशु तामस्कर ,ठाकुरटोला सोमनी जिला राजनादगांव।

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें

**खबर संक्षेप**



### नगर में रही रामनवमी की धूम

**सिमगा।** नगर के सरोपी तालाब स्थित राम मंदिर में रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दिन भगवा परिधान में महिला पुरुष व बच्चे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव मनाने भगवा ध्वज फहराते हुए जय श्री राम के नारे लगाते रहे। दोपहर 12 बजे राम लला जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद भजन कीर्तन किया गया। वहीं दोपहर 2 से 4 बजे तक रामायण पाठ पुरुष वर्ग द्वारा तथा शाम 4 से 6 बजे तक रामायण पाठ महिला मंडल द्वारा किया गया। तत्पश्चात शाम 6.30 बजे श्रीराम की महाआरती एवं राम स्तुति के साथ 56 भोग लगाया गया और भोग प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं राम भक्तों की टोलियों द्वारा भजन कीर्तन करते हुए रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया गया।

### वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुईं पूर्व विधायक शकुंतला

**कसडोल।** पूर्व विधायक सुश्री शकुन्तला साहू शुक्रवार को नगर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुई, जहां उन्होंने वर-वधू को नव दाम्पत्य जीवन की बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राधेश्याम साहू, तेजस्वी साहू, सेवती कैवर्त्य, पार्षद कसडोल भूरीबाई साहू, कांति बाई धीवर, संतोषी धीवर, लताभंजीन धीवर, थानू धीवर, परिजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### घायल गाय का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कराया इलाज

**सरायपाली।** नगर में सुबह लगभग 7-8 बजे से एक गाय थाना रोड, सार्वजनिक प्रसाधन के पास भरी गर्मी में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। फोन के माध्यम से बजरंग दल के पदाधिकारियों को उक्त घटना का सूचना दिया गया। सूचना के पश्चात तुरंत विश्व हिंदू परिषद् बजरंगदल के गौ सेवक विकास महापात्र, मयंक पाणिग्राही, विश्वनाथ प्रधान, श्रीकांत साहू, नितिन साहू, घनश्याम यादव, कबीर दास, भावेश निषाद और कुछ नगर वासियों के साथ काफी लंबे समय से शासकीय वेटनरी विभाग वालों को डॉक्टरी इलाज के लिए लगातार संपर्क करने की कोशिश की जा रही थी लेकिन किसी भी प्रकार से कोई सहायता प्राप्त नहीं मिली। अंत में डायल 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई से लगभग 2 बजे सहायता मिली। इसके बाद इलाज करते हुए ग्लूकोज बॉटल चढ़ाया गया।

### वीरेंद्र में मोदी की चाय पर चर्चा आयोजित

**सरायपाली।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 2 वीरेंद्र नगर में मोदी की चाय पर चर्चा आयोजित की गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा एवं वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद श्रीमती हेमवती यादव व पूर्व पार्षद जेपी यादव दीपक मखीजा परमजीत कौर मुक्त सिदार प्रेम सिंह ठाकुर हरभजन सिंह सुशीला ध्रुव गीता प्रसाद बंजारे संतोष यादव अजय गढतिया भाजपा महिला मोर्चा एवं समस्त वीरेंद्रनगर के लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों के मध्य किया बी-1 वाचन और मतदान की ली शपथ

## जिला प्रशासन मतदान के लिए नागरिकों को प्रेरित करने में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम और एआरओ बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा नागरिकों के कार्यस्थल में जाकर गांव के राजस्व रिकार्ड का 'बी-1 वाचन' किया गया, ताकि भूमि स्वामियों को उनके कई प्रकार के समस्या का समाधान किया जा सके।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी की उपस्थिति में इस अभियान के दौरान मतदाता जागरुकता की सामूहिक शपथ ली गई। जिला प्रशासन के सभी दलों द्वारा मतदान के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार कमलेश सिदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, राजस्व सहयोगी, कोटवार आदि उपस्थित थे।

बी-1 खसरा ऑनलाइन अपने मोबाइल या कंप्यूटर में भुईया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट से निकाल सकते हैं। डिजिटल हस्ताक्षरित खतौनी बी-1 डाउनलोड कर सकते हैं। खतौनी यानि बी-1 महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसे अधिकतर सरकारी कार्यों में उपयोग में लाया जाता है। राजस्व संबंधी या अन्य किसी मामले में यह बी-1 दस्तावेज किसान या भूमि स्वामी का ऑनलाइन रिकार्ड है, जिसे साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया जा सकता है।



### जिला राजस्व प्रशासन ने राजस्व मामलों की दी जानकारी


उल्लेखनीय है कि राजस्व मामलों में जिला राजस्व प्रशासन का अमला उनके घर पहुंच सेवा प्रदान किया है। भुइया कार्यक्रम छत्तीसगढ़ द्वारा इसे डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने से वे इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इसका उद्देश्य है कि जिले के नागरिकों को उनकी राजस्व भूमि के संबंध में जानकारी मिले। उनका नाम, उनके भूमि रिकार्ड में है कि नहीं। इसका पता सावर्जनिक रूप से चौपाल के माध्यम से उनके गांव, मोहल्ला आदि में मिले। राजस्व अमला द्वारा भूमि के खसरा नंबर, भूमि स्वामी का नाम, भूमि स्वामियों के संबंधियों का नाम आदि को पढ़कर उनको जानकारी दी गई और साथ ही किसी प्रकार का दावा-आपत्ति को निराकरण के लिए स्वीकार किया गया। वर्तमान में बी-1 खसरा ऑनलाइन छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग ने बी-1 खसरा ऑनलाइन चेक एवं डाउनलोड करने की सुविधा है।

## पुलिस की 6 अलग-अलग टुकड़ी जांच में जुटी, 9 अप्रैल को दोपहर 3 बजे दिन दहाड़े हुई थी लूट

# शराब दुकान से 20 लाख की लूट के आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कटगी स्थित शराब दुकान से 20 लाख लूट के मामले में पुलिस अब तक लुटेरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई है। हालांकि सूत्रों की माने तो पुलिस की 6 अलग-अलग तुकड़ी लुटेरों को पकड़ने में लगी है, लेकिन आज सप्ताहभर से ज्यादा बीत जाने के बाद भी पुलिस को आरोपियों का सुराग नहीं मिल सका है, जिसके कारण पुलिस के हाथ अभी खाली नजर आ रहा है। विदित हो कि बीते 9 अप्रैल को अंग्रेजी शराब दुकान कटगी में 20 लाख रुपयों की लूट हुई थी। रोजाना की तरह 9 अप्रैल को कैस कलेक्शन करने वाली टीम सरसींवा, भटगांव, बिलाईगढ़, सलीहा, पवनी, टुंडरी, टुंडरा और हसुवा बलौदा से कैस कलेक्शन करने के बाद लगभग 2 बजे कटगी अंग्रेजी शराब दुकान पहुंचा हुआ था, इसी दौरान कैस कलेक्शन करने वाली टीम कटगी शराब दुकान के अंदर पैसा उठाने जाती है। इसी बीच दो नकाबपोश बदमाश शराब दुकान के पास आते हैं, जिसमें से एक बदमाश शराब दुकान के अंदर हाथों में पिस्टल लेकर पैसा लूटने जाता है, तो दूसरा बाहर में रेकी करता है। चंदमिंटो में बंदुक की नोक पर बदमाश कटगी शराब दुकान से 20 लाख रुपयों का बैग लूटकर फरार हो जाते हैं। जिले में पहली बार शराब दुकान में इतनी बड़ी लूट को बदमाशों ने दिनदहाड़े अंजाम दिया था, जिसके बाद जिले में यह खबर आग की तरह फैली की, हर कोई अब उन लुटेरों को पकड़ने के इंतजार में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। जब दो बदमाश बंदूक दिखा कर लूट को अंजाम दे रहे थे, जिसकी सारी तस्वीर अंग्रेजी शराब दुकान में लगे सीसीटीवी में पूरे मंजर रिकॉर्ड हुआ। बावजूद इसके पुलिस टीम को आरोपियों को पकड़ने में सफलता नहीं मिल पाई है। जानकारी के मुताबिक अंग्रेजी शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारियों से पुलिस बारी-बारी से पूछताछ भी कर रही है, लेकिन पुलिस के हाथ अभी भी खाली है।






### जल्द पकड़े जायेंगे आरोपी

चूंकि देहात एरिया है थोड़ा बाहर पड़ता है और बहुत देर बाद जानकारी दी गई थी, तब तक आरोपी ज्यादा दूर जा चुके थे, इसलिए थोड़ी असुविधा हो रही हैं। बाकि देहात क्षेत्र है, तो टेक्निकल सहायता बहुत कम मिल रही हैं, जो अपने मेनुवल जो बेसिक पुलिसिंग होती हैं, उसके स्तर पर अभी 5 से 6 टीम काम कर रही है। कुछ टीम ओडिसा, झारखण्ड गई है तो कोशिश कर रहे हैं अपने तरफ से पूरा प्रयास किया जा रहा है। जल्द आरोपी पकड़े जायेंगे। फिलहाल पुलिस दावा तो कर रही है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि अभी भी आरोपी के पुख्ता सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है।

### आरोपियों के कुछ मेनुवल हिंट मिले हैं : थाना प्रभारी

कसडोल थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि मामले में जांच चल रही है। 5 से 6 टीम बनाई गई है और साइबर की भी टीम लगी है। इसमें लगभग दो से ढाई सौ कैमरा खंगाले गए हैं। देहात क्षेत्र होने से थोड़ी असुविधा का सामना करना पढ़ रहा है, क्योंकि उन लोगों के जाने का रास्ता देहात होके जाता है। देहात में कही भी कैमरे नहीं लगे हैं, जिसकी वजह से जानकारी नहीं है, जो वहां के स्टॉफ है जो आबकारी के स्टॉफ थे, उनसे भी पूरी बात चीत पूछताछ हुई है। आसपास के जिलों में और आस पास के थानों में संपर्क हुआ है, घटना को वायरल किया गया है। आरोपियों के कुछ मेनुवल हिंट मिले थे, जिसमें काम चल रहा है, लेकिन बहुत कुछ चीज ऐसी सामने नहीं आई है।

### दिन दहाड़े लूट को दिया था अंजाम

शराब दुकान कटगी में एकदम फिल्मी स्टाइल में नकाबपोश बदमाश रेकी कर 9 अप्रैल की दोपहर 3 बजे के करीब दुकान के अंदर घुसकर बकायदा बंदूक की नोक पर बैग उठाकर रफू चक्कर हो जाते हैं। जिसकी फ़ोटो सीसीटीवी में रिकॉर्ड भी होती है, लेकिन घटना के 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। इधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लुटेरों की जानकारी देने वालों को इनाम की घोषणा भी की है, बावजूद शातिर लुटेरे अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है। इधर सूत्रों की माने तो अलग-अलग टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है। बहरहाल अब इस घटना से लोग सकते में भी है और पुलिस की जांच में सवाल उठा रहे हैं। अब देखना होगा कि उक्त आरोपियों के गिरेबान तक पुलिस कब तक पहुंचती है।

# सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक से संपर्क कर सकते हैं आमजन

**मुड़पार-सरसीवां।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए आईएएस सौरभ स्वामी सामान्य प्रेक्षक एवं आईपीएस बीपिनशंकर राव आहिरे पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी जांजगीर-चांपा के सर्किट हाउस के हसदेव कक्ष में सुबह 10 से 11 बजे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रत्याशी, आम जनता उनसे अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए मुलाकात कर सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी का के लाइजनिंग अधिकारी शशांक सिंह हैं। पुलिस प्रेक्षक बीपिनशंकर राव आहिरे जांजगीर-चांपा सर्किट हाउस के महानदी कक्ष में ठहरे हुए हैं। पुलिस लाइजनिंग अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर है।

## प्रचार से पहले प्रत्याशियों को लेना होगा एमसीएमसी से विज्ञापन सर्टिफिकेट

**मुड़पार-सरसीवां।** जांजगीर-चांपा और रायगढ़ लोकसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया। अब उन सभी को अपने प्रचार प्रसार के लिए आडियो वीडियो जरूरी गाने, नारा, विज्ञापन आदि के लिए विज्ञापन सर्टिफिकेट की जरूरत है।




इसके लिए सभी अभ्यर्थियों संबंधित जांजगीर-चांपा या रायगढ़ जिला मुख्यालय पर गठित जिला स्तर की मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के समक्ष आवेदन करना होगा। विज्ञापन का प्रारूप पेनड्राइव या डीवीडी में उपलब्ध कराना होगा। यह समिति राजनीतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, टाकीज, रेडियो ई-समाचार पत्र, बल्क एसएमएम,वॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण के पहले उपरोक्त कमेटी में क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को अनुमति लेना आवश्यक है। यदि वे अनुमति नहीं लेंगे तो यह निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है।

# उमस के साथ झुलसाने वाली गर्मी शीतल पेय पदार्थों का कारोबार बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

लगातार 3 दिन गुरुवार, शुक्रवार और शानिवार को गर्मी ने लोगों को झुलसा दिया। अचानक बढ़े तापमान से लोग 12 से शाम 5 बजे तक बाहर नहीं निकल रहे हैं, जिससे बाजार में सन्नाटा है। दोपहर में तापमान का पारा 42 डिग्री तक चढ़ने के कारण गर्मी और उमस से लोगों की बेचैनी बढ़ गई है। गर्मी का विपरीत असर लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है।

चिकित्सकों ने सलाह दी है कि बेवजह धूप में न निकलें। घरों से बाहर निकले तो सिर को गमछा से ढके या फिर टोपी व चश्मा का उपयोग करें। तेज धूप के चलते लू लगने की आशंका बनी रहती है। पानी का सेवन अधिक से अधिक करें कि शरीर में पानी की मात्रा बनी रहे।




### मौसम खुलने के साथ तेज धूप

अत्याधिक गर्मी और उमस पड़ने से एक बार फिर लोग गर्मी से बेचैन होने लगे हैं। 19 अप्रैल को दोपहर तापमान का पारा 40 डिग्री चढ़ गया। कामकाजी लोग सिर में गमछा, हाथ में स्कार्फ पहनकर घरों से बाहर निकले। कई लोग छतरी के सहारे धूप से बचने कोशिश करते हुए चल रहे थे। भारी गर्मी और उमस के चलते घरों में पंखा व कूलर काम नहीं कर रहा। शासकीय दफ्तरों में भी गर्मी से अधिकारी कर्मचारी परेशान हैं। इधर बेमौसम बारिश के चलते ठंडा पड़ चुका गन्ना रस, कोल्डिंज्क समेत अन्य ठंडा पेय पदार्थों का व्यवसाय भीषण गर्मी के चलते एक बार फिर से चल पड़ा है। इससे व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है। चिकित्सकों का कहना है कि अचानक 40 डिग्री तेज धूप पड़ने की वजह से शरीर में इसका विपरीत असर पड़ रहा है।

# भागवत कथा में रूखमणी मंगल पर झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के बीच रूखमणी मंगल के अवसर पर श्रद्धालु झूम उठे।

ज्ञात हो कि समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में दूजन लाल पटेल की स्मृति में पटेल परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शुक्रवार को श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह की कथा को बलोदाबाजार से पधारे आचार्य बलदेव प्रसाद मिश्रा ने उपस्थित श्रोताओं को अपनी अमृतमय वाणी से सुनाकर आनंदित किया। इस बीच श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह पर श्रोता झूम उठे। विदित हो कि श्रीमद भागवत कथा में ग्राम पंचायत पिसीद सहित आस पास गांव से श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में पहुंच कर कथा का रसपान कर रहे हैं।





## पानी संरक्षण के तहत छात्रों को पानी बचाने के बताए गए उपाय

# व्यर्थ बह रहे पानी को बचाय और करें संरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में माह के तृतीय शनिवार को बच्चों को बताया गया कि पानी का संरक्षण क्या है? पानी का संरक्षण कैसे करें? मनुष्य को अपनी दिनचर्या में कई कार्यों के लिए पानी का उपयोग करना पड़ता है। मुंह धोने, ब्रश करने, खाना पकाने, कपड़ा धोने, नहाने, फसल उगाने आदि। इन कार्यों को पूरा करते हुए पानी को बचाना ही पानी का संरक्षण है। हम अपने आस-पास के लोगों को बताएं कि ब्रश करते समय नल को खुला न छोड़े, पौधों में पानी डालने के लिए पाइप का उपयोग नहीं करें बल्कि बाल्टी व मग से पानी डालें, घर में दाल, सब्जी धोने वाले पानी को पेड़ पौधों में डालें, शौचालय व नहाते समय पानी का कम उपयोग करें, यदि नल टपकता है तो उन्हें तुरन्त ठीक करें, छतों व शासकीय भवनों के छतों में रेनवातर हार्वेस्टिंग लगाकर उस पानी को गड्ढे व कुंआ में डालकर हम पानी का संरक्षण कर सकते हैं।



यदि हमने पानी के संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो गर्मी के दिनों में पीने की पानी के लिए भविष्य में तरसाना पड़ सकता है। कार्यक्रम का संचालन शाला प्रमुख मनहरण वर्मा ने किया। साथ ही शिक्षक विशेषर वर्मा, चरित ध्रुव, संजय बंछोर एवं हेमकुमारी साहू उपस्थित थीं।

